## खबर संक्षेप

### एक जुलाई देश और मध्यप्रदेश के लिए विशेष दिन

**छिन्दवाड़ा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कल एक जुलाई का दिन पूरे देश और प्रदेश के लिए एक विशेष दिन रहने वाला है। अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे भारतीय दंड संहिता, सीआरपीसी, भारतीय साक्ष्य अधिनियम...ये सारे नियम बदलते हुए नए प्रकार के कानून लागू होने वाले हैं। अब दंड संहिता के बजाय न्याय संहिता की बात की जाएगी। अर्थात न्याय के आधार पर हमारी व्यवस्था चलनी चाहिए। अंग्रेज जब तक हम पर हावी थे तब तक वो दंड की बात करते थे। हमारी परंपरा न्याय की परंपरा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ये तीनों कानून पूरे देशवासियों के जीवन में अंगीकार होंगे। उससे सुविधा मिलेगी। अपनी संस्कृति पर गर्व करने का मौका मिलेगा। आमजन के माध्यम से पूरे प्रदेश में जो अभियान चलेगा, इस व्यवस्था के लिए थाने के अंदर सभी प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए और जन जागृति के लिए अधिकारियों के साथ मिलकर अभियान चलाने के निर्देश जारी किए गए हैं। उम्मीद करता हूं इसका लाभ सभी मिलकर उठाएंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी के इस अभियान का हमारी सरकार अक्षरशः पालन करेगी।

### सभी स्कूल बसों की होगी जांच

**छिन्दवाड़ा।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा आज आयोजित वीडियो कांन्फ्रेंसिंग दिए गए निर्देशानुसार कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को निर्देश जारी किए हैं कि जिले में संचालित सभी स्कूलों की बसों की गुणवत्ता के संबंध में एक सप्ताह के भीतर आवश्यक रूप से जांच करें। साथ ही जांच में पाई गई कमियों की पूर्ति किये जाने के बाद ही बसें संचालित करने के लिए स्कूल संचालकों को सख्ती से निर्देशित करें। प्राईवेट यात्री बसें अपने निर्धारित स्थल से ही चले तथा अपने निर्धारित समय अनुसार ही संचालित हों। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षमायोग्य नहीं होगी। उन्होंने अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को इन सभी निर्देशों का सख्ती से पालन कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### चौरई पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही, आरोपियों में एक नाबालिग शामिल

# चौरई लूट कांड के छह आरोपी पकड़ाए





#### इन आरोपियों को पुलिस ने लिया हिरासत में

अनस उद्दीन पिता सलीम उद्दीन उम्र 20 वर्ष
साकिब अहमद पिता जफर अहमद उम्र 21 वर्ष
ओम यादव पिता छोटू यादव उम्र 20 वर्ष
अबुल हसन पिता अनवर अहमद उम्र 18 वर्ष
मोहम्मद सलमान अंसारी पिता फारूक अंसारी उम्र 18 वर्ष
एक बाल अपचारी
सभी निवासी रॉयल चौक छिंदवाड़ा निवासी है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

चौरई पुलिस ने रविवार को लूट कांड का खुलासा करते हुए छह आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने इन आरोपियों में एक नाबालिग को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दो दिन पहले सिहोरा माल में हुई लूट का राज खुल गया है। गल्ला व्यापारी से दो लाख 75 हजार लूटने वाले लड़के छिंदवाड़ा के निकले। इनमें 5 लड़के 18 से 21 साल के हैं और कुछ नही करते लेकिन शौक था कि एप्पल का मोबाइल चलाना है, सो लुटेरे बन गए। एक आरोपी नाबालिग है। थाना चौरई में फरियादी नीलकंठ पिता देवीलाल साहू उम्र 54 साल निवासी माचागोरा (चौरई) ने बताया था कि 28 जून को गल्ला मंडी से पैसे लेकर अकेला वापस माचागोरा आ रहा था, शाम 07 बजे ग्राम सिहोरामाल के पास 6 लोगों ने आँख में मिर्ची डालकर उसके 2 लाख 75 हजार लूट लिए थे।

घटना की सूचना पर एसपी मनीष खत्री के मार्गदर्शन और एएसपी अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन में हुई विवेचना के दौरान चौरई एसडीओपी सौरभ तिवारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी चौरई दिलीप पंचेश्वर द्वारा 02 पुलिस टीम गठित कर तकनीकी संसाधनों, सायबर सेल एवं छिंदवाड़ा शहर से चौरई की ओर जाने वाले मुख्य मार्गों में लगे सीसीटीव्ही कैमरो की फुटेज को बारिकी से खंगालकर एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर पुलिस टीम ने अज्ञात आरोपियो की तलाश की। कुछ घँटों में ही घटना का मुख्य आरोपी अनस पिता सलीम उद्दीन उम्र 20 वर्ष निवासी रॉयल चौक छिंदवाड़ा मिल गया और पूछताछ में तोते की तरह कहानी सुना दी। आरोपी अनस ने बताया कि वह ट्रांसपोर्ट में काम करता हूँ, आए दिन कुसमैली गल्ला मण्डी आना जाना रहता हैं, वहां पर किसान व्यापारी अपना अनाज बेचकर नगदी पैसा लेकर जाते हैं। घटना वाले दिन एक व्यक्ति मंडी से चौरई की तरफ मोटर सायकिल की डिक्की में पैसो से भरा थैला रखकर निकला, यह बात मैंने अपने दोस्तो साकिब, ओम यादव, अब्दुल हसन, मो. सलमान अंसारी, बाल अपचारी सभी निवासी रॉयल चौक छिंदवाड़ा को बताया। सभी अलग-अलग गाड़ियों से पहुँचे और लूट की वारदात को अंजाम देकर मोटर सायकिल व स्कूटी में बैठकर छिंदवाड़ा की तरफ तेजी से भागे और अनस उद्दीन के घर पहुंचे। अनस के घर में थैले में रखे पैसो का आपस में बँटवारा कर लिया। शौक पूरे करना, जिसमें मँहगे मोबाईल (एप्पल) रखने का शौक हैं, इसी कारण घटना को दोस्तो के साथ मिलकर अंजाम दिये हैं। आरोपीगणो से कुल नगदी 2,75,000/- (दो लाख पचहत्तर हजार रूपये) व घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल व एक स्कूटी को बरामद कर सभी आरोपीगणो को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

इस कार्यवाही को अंजाम देने में चौरई एसडीओपी सौरव तिवारी, थाना प्रभारी चौरई दिलीप पंचेश्वर, सउनि सुशील त्रिपाठी, असगर अली, सतीश दुबे, हिरैसी नागेश्वर, प्र.आर. दिनेश यादव, आर. राजू भारती, सतीश बघेल, कन्हैया सनोड़िया, योगेश मालवी, प्रकाश साहू, अभिषेक सनोड़िया, साइबर सेल से नितिन, आदित्य की भूमिका रही।

### नगर निगम की टीम ने जब्त किया सामान

## खुले में मटन, मछली, चिकन बेच रहे 15 दुकानदारों पर की कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

रविवार को आयुक्त नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा के आदेशानुसार सिवनी रोड पर चोहारी नाला के पास से मछली,मटन,चिकन विक्रेताओ के खिलाफ शक्त कार्यवाही की गयी 15 दुकानदारो से मटन ,मछली,चिकन और सामान जप्त किया गया दो टिपर सामान जप्त करके निगम लाया गया।कार्यवाही मे स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मालवी,स्वच्छता निरिक्षक रामवृक्ष यादव,सुनील मालवी,सुपरवाइजर अनिल करोसिया, राजकुमार चन्द्रवंशी,आशिष सारवान एवं अन्य निगम के कर्मचारी उपस्थित थे

### आज से 15 जुलाई तक चलेगा एक पेड़ माँ के नाम अभियान

**छिन्दवाड़ा।** शासन की मंशा के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण के लिए जिले में 01 जुलाई से 15 जुलाई 2024 तक ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ पौधारोपण अभियान चलाया जायेगा। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी एवं सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि इस अभियान के अंतर्गत अपनी माँ के नाम पर कम से कम 01 पौधा जरूर लगाएं और इसके संरक्षण की जिम्मेदारी उठाएं। पौधारोपण कर उसे जियो टैग भी किया जाना है। पर्यावरण संरक्षण में पेड़ बहुत ही महत्वूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिले के सभी नागरिक कम से कम 01 पौधा अपनी मां के नाम लगाकर इस अभियान को सफल बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## हरे माधव चौक का हुआ अनावरण, बांटी मिठाईयां




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा पूर्व में नगर निगम महापौर विक्रम अहके के माध्यम से वार्ड क्रमांक 46 के खजरी रोड स्थित चौक का नामकरण हरे माधव चौक के नाम से किया गया था। इसी क्रम में रविवार को नगर की सुख-समृद्धि की कामना के साथ चौक का नामकरण का अनावरण किया गया। इस अवसर पर चौक में हुई अरदास में छिंदवाड़ा के प्रथम नागरिक विक्रम अहाके, वार्ड पार्षद सुनीता विजय पाटिल, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष संजय बंटी लालवानी के साथ सिंधी समाज के गणमान्य नागरिक, महिलाएं और बच्चे भी शामिल हुए। अरदास के बाद उपस्थित सभी लोगों को मिठाइयां भी बाटी गईं।

## आदिवासी भाईयों और बहनों का जीवन स्तर सुधारना भाजपा का संकल्प

### अमरवाड़ा उपचुनाव के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में आमसभा के दौरान बोले सांसद बंटी साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

सांसद बंटी विवेक साहू ने अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में ग्रामीण क्षेत्रों में जनसम्पर्क किया एवं भाजपा प्रत्याशी कमलेश शाह के पक्ष में आमसभाएं ली। आमसभा को संबोधित करते हुये सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने कहा कि आदिवासी भाईयों और बहनों का जीवन स्तर सुधारना भाजपा का संकल्प है भाजपा ने हमेशा आदिवासियों के गौरव को बढ़ाया है सांसद ने जुंगावानी, मोरखा, भुमका , धनौरा, सगोनिया, हिरना में सभाएं ली। सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने कहा कि कमलेश शाह क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा में आये है प्रदेश और केन्द्र में भाजपा की सरकार है भाजपा प्रत्याशी जीतेंगे तो विकास होगा। इसलिए भाजपा का साथ दें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रमेश डेहरिया, अरूण साहू, मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, सुनील नेमा, नवीन खंगार, बंटी सोनी, प्रकाश साहू, सरपंच सुरेश भारती, भोला साहू एवं अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### सांसद का आज का दौरा कार्यक्रम

सांसद श्री बंटी विवेक साहू 1 जुलाई 2024 दिन सोमवार को बटकाखापा क्षेत्र के ग्राम बिछुआ में 12.30 बजे, ग्राम पाटीघाट में दोप. 1 बजे, ओझलढ़ाना में दोपहर 1.30 बजे, रातेड़ में दोपहर 2 बजे, पालेवरू में 2.30 बजे और ग्राम गंगई में 3 बजे जनसम्पर्क करेंगे। और जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

## चार शिक्षकों को मिली भावभीनी विदाई



**पांढुर्ना।** कल यहां शासकीय रामचंद्र कन्या प्राथमिक शाला में सुश्री निर्मला राऊत सहायक शिक्षिका, सुश्री अंजनी कोल्हे सहायक शिक्षिका, शासकीय राजेंद्र प्राथमिक शाला पांढुर्ना तथा दिलीप ठोंबरे सहायक शिक्षक शासकीय शंकरनगर प्राथमिक शाला पांढुर्ना का सेवानिवृत्ति अवसर पर विदाई समारोह संपन्न हुआ। इस सेवानिवृत्ती समारोह में मोरेश्वर ब्रम्हे, बी आर सी, नरेंद्र बांबल बी ए सी, चंद्रशेखर इंगले अध्यक्ष जिलाध्यक्ष तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ, रामगोपाल भोयर तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ जिला सचिव, अनिल खत्री जनप्रतिनिधि, डाक्टर शंकरराव कड़वेजी, शेषराव रेवतकर तहसील अध्यक्ष, प्रमोद घुघुसकर एस एम सी अध्यक्ष, बहाने सर तथा आस पास की समस्त शाला के शिक्षक व शिक्षिका, नन्हे मुन्ने छात्र छात्राओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कल सेवानिवृत्त हुई राउत मैडम जन्म जिस वार्ड में हुआ उसी वार्ड की शाला में लगातार 39 वर्ष नियुक्ति से लेकर सेवानिवृति तक एक ही शाला में शिक्षिका रही।

## सेवानिवृत हुए नायब तहसीलदार खंपरिया को तहसील अधिकारी और स्टाफ ने दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

तहसील कार्यालय परासिया में नायब तहसीलदार के रूप में पदस्थ आर पी खंपरिया रविवार 30 जून को सेवानिवृत्त हो गए । उन्हें तहसील अधिकारियों , स्टाफ और पटवारियों के द्वारा विदाई दी गई । इसके लिए विशेष आयोजन किया गया । श्री खंपरिया को एक खुली जीप में बैठाकर बाजे - गाजे के साथ परासिया रेस्ट हाउस ले जाया गया । जहां उन्हें शाल , श्री फल आदि भेंट कर सम्मानित किया गया और पतासिया तहसील में बताए गए उनके समय को याद किया गया । श्री खंपरिया ने अपने साथियों से बिछड़ जाने का दुख व्यक्त किया । इस कार्यक्रम में विशेष रूप से एसडीएम पुष्पेंद्र निगम , तहसीलदार योगिता बाजपेई , एसडीओ पुलिस जितेंद्र सिंह जाट , परासिया थाना प्रभारी जीगोतिन मसराम , उमरेठ नायब तहसीलदार रविंद्र पारधी , राम सूर्यवंशी , पटवारी संघ के अध्यक्ष रविंद्र भलावी , पटवारी अभिजीत धुर्वे , मनोज पवार , संजय साहू पतिराम ढाकरिया , सुखदायल यादव , ऑफिस कानूनगो सुखदास बरमैया मौजूद रहे ।

## आज से लागू हुए नए आपराधिक कानून

### पूरा पुलिस महकमे को लेकर बैठे पुलिस कप्तान, कानून की बारिकियों से लागू करने की दी समझाइश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी की कंट्रोल रूम में बैठक लेकर नए कानून में होने वाले परिवर्तन एवं क्या सावधानियां बरतनी है के बारे में बताया एवं कल पूरे जिले में समस्त थाना चौकियों में नए कानून से संबंधित जन सामान्य की बैठकर भी आयोजित की जाएगी और उन्हें जागरूक किया जाएगा।

### जिले में अभी तक 152.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 152.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 235 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 30 जून को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 3.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 30 जून को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील तामिया में 05, चौरई में 01, हर्रई में 8.2, बिछुआ में 11.8, जुन्नारदेव में 05 और उमरेठ में 2.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 140.5, मोहखेड़ में 45.6, तामिया में 210, अमरवाड़ा में 233, चौरई में 108.6, हर्रई में 86.6, बिछुआ में 288.4, परासिया में 119.2, जुन्नारदेव में 147, चांद में 216.8 और उमरेठ में 142.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

**नई आबादी फीडर के क्षेत्रों में आज विद्युत सप्लाई रहेगी बाधित :** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत 33/11 के.व्ही., एल.टी.लाईन एवं विद्युत उपकरणों के मानसून पूर्व रखरखाव कार्य के लिये 01 जुलाई 2024 सोमवार को नई आबादी फीडर के क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रातः 7 से दोपहर 12 बजे तक बाधित रहेगी।

## वेट लिफ्टिंग में हर्षित और आयुषी बने चैंपियन

### जिला स्तरीय वेट लिफ्टिंग यूथ जूनियर सीनियर महिला पुरुष चैंपियनशिप सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिला वेट लिफ्टिंग संघ छिंदवाड़ा के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैंस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 जून रविवार को जिला स्तरीय यूथ जूनियर सीनियर महिला पुरुष वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन स्टेडियम ग्राउंड स्थित ओलंपिक खेल भवन मैं किया गया । जिसमें जिले के सभी खिलाड़ियों ने भाग लिया । जिला वेट लिफ्टिंग संघ के सचिव रविकांत अहिरवार ने बताया कि इस चैंपियनशिप में भव्य , हर्षित ,रहवाश, अक्षत ,मुकुल ,यश यक्ष, सोहेल, प्रियांश, गणेश, संतोष , हरि ओम, मुकेश, राजकुमार, मिथिलेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया महिला वर्ग मे तनिष्क , आयुषी, लकी, शैली, रश्मि, मनीषा, ने प्रथम स्थान प्राप्त किया चैंपियनशिप में स्ट्रांग वूमेन का किताब आयुषी साहू ने प्राप्त किया वहीं पुरुष वर्ग में हर्षित कराड़े ने स्ट्रांग मैन ऑफ द ईयर का खिताब प्राप्त किया इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में फिल्म प्रोड्यूसर बंसमणि शर्मा, प्रवीण नसेरी , अविनाश सिंह, इंद्रजीत सिंह बैस डीएसओ रामा राव नागले , जिला रविदास समाज के अध्यक्ष श्याम डोले एवं उनकी पूरी टीम, एनआईएस कोच जावेद खान, विक्रांत अहिरवार,शिवम बैस , उपस्थित थे । निर्णायक के रूप में मुख्य रैफरी सलीम खान, संतोष करोसिया, गोविंद चौहान, नीरज सनकत , राजा बुनकर, पूजा तिवारी ने सहयोग किया। स्पर्धा एवं कार्यक्रम का संचालन सचिव रविकांत अहिरवार ने किया । विजेता खिलाड़ियों को उज्जैन में आयोजित होने वाली मध्यप्रदेश वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप में प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा ।

### राज्य स्तरीय सतपुड़ा सफारी फैमिली कैम्पिंग हुआ आयोजन



**छिंदवाड़ा।** प्रकृति प्रेम पर्यावरण संरक्षण हेतु विश्व स्तर पर कार्यरत अंतर्राष्ट्रीय संस्था इंटरनेशनल यूथ हॉस्टल्स फेडरेशन से संबद्ध यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की मध्यप्रदेश राज्य शाखा भोपाल की जिला इकाई सतपुड़ा यूनिट जिला छिन्दवाड़ा के तत्वावधान में विगत दिवस 21, 22 एवं 24 जून को सतपुड़ा नेशनल पार्क टाइगर रिजर्व क्षेत्र मढ़ई (सोहागपुर/नर्मदापुरम) में चार दिवसीय राज्यस्तरीय सतपुड़ा सफारी फैमिली कैंपिंग कार्यक्रम हुआ भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इसमें मप्र राज्य से इंदौर, भोपाल, रायसेन, सिवनी, छिंदवाड़ा सहित स्वीडर और उज्बेकिस्तान से भी अप्रवासी भारतीय शामिल हुए।

### भारिया ढाना के ग्रामीण बारिश में पीने एवं उपयोग के पानी के लिए परेशान

## आर वी इंफ्रास्ट्रक्चर ने नहीं बनाई नाली, कुएं में भरी गंदगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

एक तरफ सरकार शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए कृत संकल्पित है लेकिन तामिया में जल जीवन मिशन ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य शुरू नहीं किए जाने के कारण लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा। वहीं इसी ग्राम पंचायत का भारिया ढाना जो जल जीवन मिशन योजना के कारण पीने के पानी को परेशान है और यहां के लोग पुराने कुएं एवं एक हैंड पंप से पानी भरने मजबूर है, लेकिन उनकी मजबूरी और परेशानी जब बढ़ जाती है कि सरकारी कुआं जो इनके पानी का एकमात्र साधन है वह अभी बरसात में आर वी इंफ्रास्ट्रक्चर कंस्ट्रक्शन कंपनी जो तामिया से जुन्नारदेव सड़क निर्माण करवा रही है उसमें इसके द्वारा अधिकारियों की मिली भगत से हजारों घन मीटर मुरम काअवैध उत्खनन सड़क निर्माण मैं किया जा चुका है।वही सड़क निर्माण की हद मैं आ रहे दर्जनों झाड़ भी ठेकेदार द्वारा लापता किया जा चुके हैं। इतनी मनमानी एवं लापरवाही के बाद नाली नहीं बनाए जाने के कारण सड़क का पानी कुएं में जा रहा है।

इस कारण यहां के लोगों को पीने के पानी की समस्या पैदा हो गई है और दूर दराज के कुएं एवं हैंडपंप से पानी लाने मजबूर है वही कुएं में कीचड़ भर जाने से पीने का पानी नहाने एवं कपड़े धोने लायक भी नहीं बचा जिसका समाचार हरिभूमि ने प्रकाशित किया था। लेकिन तामिया के नाकारा प्रशासन ने इस और कोई ध्यान नहीं दिया और लोगों के सामने आर वी इंफ्रास्ट्रक्चर कंस्ट्रक्शन कंपनी की लापरवाही के कारण पीने के पानी की भरी बरसात में मुसीबत पैदा कर दी इस कुएं में कीचड़ भर जाने के लिए पूर्ण रूप से कंस्ट्रक्शन कंपनी जिम्मेदार है। वह अगर वो नाली बना दे तो पानी आगे बढ़ जाएगा और कुएं में सड़क का पानी नहीं जाएगा। लेकिन इतने छोटे से काम को नहीं किए जाने का खामियाजा भारिया ढाना के ग्रामीणों को सड़क कंपनी को कारण भुगतना पड़ रहा है।

## उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन द्वारा अनावश्यक रूप से राशि खर्च करके बनाया जा रहा है शेड

# अनावश्यक रूप से बन रहे शेड पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

जब से तामिया का उत्कृष्ट विद्यालय सीएम राइज स्कूल में परिवर्तित हुआ है! इसमें अनावश्यक रूप से राशि खर्च करने का सिलसिला शुरू हुआ! जिसमें जमकर फर्जी बड़ा किया गया? जिसके प्रत्यक्ष उदाहरण है, सीएम राईज मद से 19 लाख रुपए की पाईप लाइन मरम्मत में हुई जमकर लूटपाट मै प्राचार्यःकी सहभागिता की. भी चर्चा हो रही है! वही खेल परिसर एवं सीएम राइज कैंपस में विद्युत विस्तार के लिए लगाये गए खंबे मै अनाप-शनाप राशि खर्च कर प्राचार्य की आघोषित मिली की मिली भगत की चर्चा रही है! इसके बाद उत्कर्ष विद्यालय के रंग रोगन में भी बात सामने आई है!इस भवन की पुताई देखकर लगता है! की पुताई के नाम पर केवल रस्म अदायगी की गई है! लेकिन हद तो जब हो जाती है!की नए भवन मैं बरसात शुरू होने से पहले प्राचार्य को एहसास हो गया? कि बरसात के दिनों में



स्कूल की छत से पानी टपकेगा? उसकी रोकथाम के लिए प्राचार्य महोदय ने अनावश्यक रूप से टीन सेड डालने का काम शुरू किया? यहां तक तो ठीक है, लेकिन इस छत पर पानी बचाने के लिए जो स्ट्रक्चर खड़ा किया जा रहा है! उसमें लापरवाही साफ देखने मिल रही है! छत के ऊपर जो दो मंजिला निर्माण की प्रत्याशा में कालम खड़े किए गए हैं! पाइप को उसी कॉलम में फसाया गया है!जो भविष्य में तेज हवा में गिर जाए तो कोई आश्चर्य वाली बात नहीं? होगी वही ईसमै जो चौरस पाइप लगाए जा रहे हैं! उनमें ना तो लोहा प्राइमर पोता गया है,, लोहे में शीघ्र ही जंग लगेगा जिस पर भी सवाल खड़े किया जा रहे हैं! इस तरह अनावश्यक रूप से बनाए जा रहे के छत ऊपर बन रहा सेड प्राचार्य की स्वार्थ सिद्धि तक सीमित बन रहे छत पर सेड की गुणवत्ता के साथ-साथ इसमें खरीदी गई सामग्री की जांच करेंगे? तो इस अनावश्यक रूप से बन रहे सेड निर्माण में बड़ा भ्रष्टाचार उजागर होगा।

## सोनपुर फीडर में आज विद्युत सप्लाई रहेगी बाधित

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत 33/11 के.व्ही., एल.टी.लाईन एवं विद्युत उपकरणों के मानसून पूर्व रखरखाव कार्य के लिये 01 जुलाई 2024 सोमवार को सोनपुर फीडर के क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रातः 9 से दोपहर 01 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत 01 जुलाई 2024 सोमवार को सोनपुर फीडर के अंतर्गत सोनपुर बस्ती, प्रधानमंत्री आवास सोनपुर, गिट्टी खदान आदि क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। इस आवश्यक मेंटेनेंस कार्य के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार यह समयावधि बढ़ाई या घटाई जा सकती है। बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिये 1912 टोल फ्री नंबर डायल कर सकते हैं।

## 40 वर्षों की रेलवे में दी सेवा देने के बाद सेवानिवृत हुए ओमप्रकाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर के वार्ड क्रमांक 08 निवासी ओमप्रकाश निरापुरे 40 वर्षों की सेवा देकर रेलवे विभाग से सेवानिवृत हुए।उन्होंने रेलवे विभाग के आमला जंक्शन में मेल एक्सप्रेस ड्राइवर के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की। दिनांक 30 जून 2024 को रेलवे की शासकीय सेवा से सेवा निवृत होने पर रेलवे विभाग द्वारा सम्मान समारोह एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जहां पर उन्हें शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान रेल विभाग के अधिकारी कर्मचारी और उनका परिवार उपस्थित था। विदाई समारोह के दौरान रेलवे विभाग में श्री निरापुरे की कर्तव्य निष्ठा और उनके समर्पण का बखान उपस्थित जनों द्वारा किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी स्थानांतरणमुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, छिंदवाडा के प्रतिवेदन तथा रिटर्निंग ऑफिसर 123, अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र द्वारा की गई जांच के अनुक्रम में सुश्री पूजा बुनकर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद हर्रई. जिला छिंदवाड़ा को अन्यत्र स्थानांतरण किये जाने के निर्देश दिये गये है।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त निर्देश के अनुक्रम में सुश्री पूजा बुनकर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद हर्रई जिला छिंदवाड़ा को मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगरपालिका दमुआ जिला छिंदवाड़ा के पद पर अस्थाई रूप से आगामी आदेश होने तक स्थानांतरित करते हुये पदस्थ किया जाता है।

## भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष बने अशोक शेंडे, ग्रामीण क्षेत्रों में जल्द करेंगे बैठकें और गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

भारतीय बौध्द महासभा मिराताई अंबेडकर जिला शाखा कार्यकारिणी का हाल ही में गठन किया गया। जिला शाखा छिंदवाड़ा मप्र का पूनर्गठन समारोह प्रदेश अध्यक्ष चरनदास ढेंगरे की अध्यक्षता मंगल भवन में संपन्न हुआ। बैठक में भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश सचिव कार्य. राजकपुर कामड़े,प्रदेश सचिव राजेश पाटिल,बी आर बोनीया,रामनाथ उबनारे, आदि की प्रमुख उपस्थिथी में सम्पन्न हुआ। तथागत बुद्ध एवं डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं बुद्ध वंदना ली।सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष चरणदास ढेगरे के नेतृत्व में छिंदवाड़ा जिला कार्यकारिणी का पुनगठन किया गया। पूनर्गठन प्रकिया मे भारतीय बौद्ध महासभा छिंदवाड़ा जिलाध्यक्ष अशोक शेंडे बड़कुही को सर्वसम्मति से बनाया गया। जिला महासचिव-निरंजन पाटिल, जिला कोषाध्यक्ष-प्रशांत गजभिये को बनाया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारी को 2024-25 के आगामी कार्यक्रमों रुपरेखा देकर धम्म कार्य निष्ठा करने हेतु निर्देशित किया। बैठक को संबोधित नवनिर्वाचित भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष अशोक शेंडे ने कहा भारतीय बौध्द महासभा की महाउपाशी मिराताई अंबेडकर,कार्यकारी अध्यक्ष भीमराव अंबेडकर, प्रदेश अध्यक्ष चरणदास ढेगरे के नेतृत्व में जल्द ही छिंदवाड़ा पांढुर्णा जिले के हर तहसील एवं ग्रामों में भारतीय बौद्ध महासभा की बैठके करते हुए कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। जल्द ही सौसर पांढुर्ना में बैठके लेते हुये ब्लाकनगर कार्यकारिणीयो का भी गठन किया जाएगा। समाज बंधुओ की ओर से नई कार्यकारिणी का पुष्पों वाला पहनकर स्वागत सत्कार किया गया।

## जिले में राम गमन पथ की वास्तविक जानकारी पुरातत्व विभाग को दे प्रशासन : राय

**छिंदवाड़ा** – महादेव पार्टी प्रमुख नितिन राय ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन के पुरातत्व विभाग द्वारा जिला प्रशासन से छिंदवाड़ा में राम गमन पथ की जानकारी चाही थी, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा आज तक जिले में राम गमन पथ की वास्तविक जानकारी नहीं भेजी गयी है । जिसके कारण आने वाली पीढ़ी को हमारे जिले में राम गमन पथ की जानकारी नहीं मिल पायेगी । इस विषय को लेकर जिला प्रशासन के समक्ष महादेव पार्टी द्वारा राम गमन पथ की जानकारी दी गयी है, उसी जानकारी को पुरातत्व विभाग को सौंपने की मांग की है, जिससे कि जिले में राम गमन पथ का विकास तो होगा ही और हमारी आने वाली पीढ़ी भी इससे



अवगत हो सकेगी । जैसे छिंदवाड़ा जिले के नीलकंठी ग्राम में स्थित शिव मंदिर जो चॉद बिछुआ मार्ग के बीच में है प्रभु श्रीराम ने यहॉ शिवजी की आराधना की थी, ऐसी भी मान्यता है कि यहॉ प्रभु श्रीराम की मूर्ति तथा उनके अन्य अवतारों की भी प्रतिमायें दर्शनीय है, यहॉ से श्रीराम जी रामाकोना होते हुये रामटेक की ओर जंगल के रास्तों से आगे बढ़े हैं जिन स्थानों को आज भी रामाकोना, सीतापार, रामटेक, सीताकुण्ड के नाम से आज भी जाना जाता है, इन स्थानों से लगा गौमुख मंदिर भी है, जिसमें देश भर से भक्त दर्शन करते आते रहते हैं । श्री राम भक्तों ने जिला प्रशासन से ये सभी जानकारी पुरातत्व विभाग को देने की बात कही है ।

## मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने किया सम्मान समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के तत्वाधान में नगर के जयसवाल लान मेंसम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मदनलाल गोरले,सह संगठन मंत्री नंदकुमार शुक्ला का सत्कार सम्मान समारोह किया गया। आयोजन में शिक्षक संघ राजेंद्र सरवरे कोषाध्यक्ष संभाग जबलपुर, जिला अध्यक्ष शशि कुमार तिवारी,पांढुर्णा जिला अध्यक्ष शंकर लाल जुमड़े, सचिव अमोल बोबडे, संजय नागदवने,विकास डबली,ब्लॉक अध्यक्ष अशोक वडस्कार, तहसील अध्यक्ष किशोर चौधरी, नगर अध्यक्ष जयसिंह धुर्वे, प्राचार्य शैलजा बत्रा,शीला डोंगरे, भास्कर गावंडे, वर्तमान बीआरसी चैनसा यादव, प्रवीण नांदेकर ,राजकुमार भुमर,अशोक लिखारे की उपस्थिति में शाल श्रीफल,मोमेंटम से सम्मानित किया गया।सम्मान समारोह को संबोधित करते हुएसंगठन मंत्री श्री शुक्ला द्वारा संगठन के पदाधिकारी को राष्ट्रीय हित में कार्य करने की बात कही। शशि तिवारी ने संगठन के उद्देश्यों से अवगत कराया कार्यक्रम का संचालन प्रदीप गोहत्रे ने किया। इस अवसर पर सचिवश्रीमती रेखा गजभिए किशोर बोलधने पुंडलिक भुते, रमेश सिंह सेंगर,महेंद्र सिंह खेरडे, रत्नाकर बुले,बाजिराव धुर्वे, तुलसीराम ठाकुर, सूर्यभान ढेपे, लक्ष्मी दास बोरकर ,चंद्र प्रकाश रंगारे,भीमराव सोमकुवर,रामा धुर्वे, वासुदेव सहारे उषा सहारे,उपस्थित थे।

## रविवार को एसडीएम और बीएमओ के आवास पर पहुंचे खिलाड़ी

# सदभावना प्रदर्शनी आयोजन स्थल पर खिलाड़ियों ने जताया विरोध

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** नगर के सरकारी अस्पताल मैदान में आगामी 10 जुलाई से सद्भावना प्रदर्शनी (मीना बाजार) लगने वाली है. इस प्रदर्शनी के आयोजन स्थल को लेकर नगर के खिलाड़ियों में भारी रोष देखने को मिल रहा है. खिलाड़ियों ने स्थल परिवर्तन की मांग को लेकर गत दिवस विधायक गौरव सिंह पारधी, नगर परिषद अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर और खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज दुबे को ज्ञापन सौंपा था. इस बीच रविवार को प्रदर्शनी की दुकानों को ले-आउट लेने के लिए जैसे ही प्रदर्शनी संचालक कटंगी अस्पताल मैदान में पहुंचे और इस बात की जानकारी खिलाड़ियों की मिली सभी खिलाड़ी अस्पताल मैदान पहुंच गए और विरोध करने लगे. जिसके बाद ले आउट नहीं हो सका. खिलाड़ियों ने बकायदा फिर से



बीएमओ और एसडीएम के निवास पर जाकर अपनी ओर से मौखिक आपत्ति दर्ज करवाई. बीएमओ ने कहा कि एसडीएम कार्यालय से अनुमति दी गई है. अगर. वहां से अनुमति निरस्त होती है तो कोई दिक्कत नहीं है. जिसके बाद सभी खिलाड़ी एसडीएम आवास पहुंच गए. एसडीएम ने खिलाड़ियों को सोमवार को कार्यालय में पहुंचकर लिखित शिकायत करने कहा है।

गौरतलब हो कि कटंगी शहर में खिलाड़ियों के खेलने और खेल अभ्यास करने के लिए कोई अच्छा खेल मैदान नहीं है. जिस कारण शहर के तमाम क्रिकेट, फुटबाल और वॉलीवाल खिलाड़ी सरकारी अस्पताल में खेल मैदान में वर्ष भर खेल अभ्यास करते है. इन खिलाड़ियों को जब से पता चला है कि हर साल की तरह इस साल भी मैदान में प्रदर्शनी लगने वाली है तो उन्होंने प्रदर्शनी स्थल को लेकर विरोध करना शुरू कर दिया. खिलाड़ियों ने बताया कि पूर्व में जब अस्पताल मैदान में प्रदर्शनी लगती थी तब उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में अभ्यास कर लेते थे लेकिन अब वहां भी सीएम राइज स्कूल की इमारत को निर्माण कार्य हो रहा है. ऐसे में खिलाड़ियों के पास खेल अभ्यास करने के लिए कोई मैदान नहीं है. बता दें कि शहर से करीब 3 किमी. दूर नट्टी टोला में मिनी स्टेडियम बना हुआ है. मगर, वहां सुविधाओं की कमी है और आवागमन का रास्ता भी ठीक नहीं है. जिस कारण शहर की खेल प्रतिभाएं या खिलाड़ी मिनी स्टेडियम जाना पंसद नहीं करते. जब से मिनी स्टेडियम का निर्माण हुआ है. शायद एक या दो बार ही वहां खेल गतिविधियों का आयोजन हुआ है. खिलाड़ी पूरे साल भर अस्पताल मैदान में ही अभ्यास करते है मिनी स्टेडियम वीरान रहता है।

## ग्राम पंचायत कटंगी के कारूटोला में हृदय विदारक घटना

# रोटावेटर की चपेट में आने एक बालक की मौत

### इकलौते पुत्र की मृत्यु से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

हरिभूमि न्यूज लांजी।

तहसील क्षेत्र लांजी में घटनाओं में लोगों की जान जाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन कोई न कोई दुर्घटना और घटना प्रकाश में आ रही है जिसमें कुछ लोग अपनी गलतियों से तो कोई लापरवाही से अपनी जान से हाथ धो रहे है। हादसों की इसी कड़ी में रविवार को लांजी थाना के ग्राम पंचायत कटंगी के कारूटोला में सुबह दस बजे कृषि कार्य के दौरान रोटावेटर की चपेट में आने से एक बालक की मौत हो गई। पुलिस ने सूचना मिलते ही कृष्णा नेवारे १* वर्ष का शव बरामद किया। जानकारी के अनुसार, कृष्णा नेवारे अपने साथी शाहिल पिता चुन्नीलाल नेवारे के साथ कारूटोला कटंगी से ग्राम बिसोनी बकरी चराने के लिए गया



था, जहां बकरी चराते समय पास ही खेत में बिना नंबर के नए ट्रैक्टर से राहुल कबीरे रोटावेटर चला रहा था। इसी दौरान कृष्णा नेवारे रोटावेटर पर बैठ गया। जिसके बाद कृष्णा नेवारे ट्रेक्टर में बैठे-बैठे अचानक असंतुलित होकर रोटावेटर की चपेट में आ गया। खेत में मौके पर ही कृष्णा लहुलुहान हो गया। इसकी सूचना मिलते ही स्वजन खेत में पहुंचे और कृष्णा को घर लेकर आए। बताया गया है कि रोटावेटर की चपेट में आते ही कुछ ही देर में कृष्णा ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस बात की सूचना पुलिस थाना पहुंचकर सोहन नेवारे ने दी। पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई पूरी की। पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। उल्लेखनीय है की मृतक बालक दो बहनों का इकलौता भाई था जिसकी असमय मौत से पुरे ग्राम में मातम पसरा हुआ है और सभी का रो रोकर बुरा हाल है।

## मां फाउंडेशन करेगा विद्यार्थियो की सहायता, पालक के रूप में कार्य करेगी संस्था-राकेश सेवईवार

**बालाघाट।** सामाजिक, रचनात्मक और सृजनात्मक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली मां फाउंडेशन संस्था ने जिले में एक नई पहल की है। जिसके तहत मां फाउंडेशन जिले के कॉलेज और स्कूली विद्यार्थियों को सहायता उपलब्ध कराएगी। जिसमें कमरा किराए से लेने और उन्हें स्कूलों से आ रही संमस्याओं पर उन्हें सहायता देने का काम किया जाएगा। संस्था अध्यक्ष राकेश सेवईवार ने बताया कि कॉलेज, स्कूल और अन्य शैक्षणिक संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थियों के शासन, प्रशासन के बीच की कड़ी बनकर लोगों की सहायता करेगी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के लिए संस्था, पालक के रूप में कार्य करेगी।

## सेन नाई समाज संगठन विस्तार के तहत नवीन पदाधिकारी किये गए नियुक्त



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** सेन नाई समाज लांजी अपने संगठन विस्तार को लेकर निरंतर कार्य कर रहा है तथा समय-समय पर समाज के हित में आवष्यक कार्य भी करते आ रहा है इसी को लेकर सेन नाई समाज ब्लाक लांजी के अध्यक्ष संतोष श्रीवास ने दिनांक 5 मई2024 को हुयी जनरल बैठक के अनुसार श्रावण भारद्वाज शिक्षक केश शिल्पी प्रकोष्ठ सेन नाई समाज के ब्लॉक अध्यक्ष एवम रवि भारद्वाज को सह सचिव केश शिल्पी प्रकोष्ठ सेन नाई समाज ब्लॉक लांजी नियुक्त किया गया है।

दिनांक 5 मई को सेन नाई समाज ब्लॉक लांजी की बैठक रखी गई थी। जिसमे सर्वसम्मति से केश शिल्पी प्रकोष्ठ सेन नाई समाज ब्लॉक अध्यक्ष श्री श्रवण लाल जी भारद्वाज शिक्षक ग्राम टेमनी को सर्वसम्मति से नियुक्त किया जाता हैं। संगठन विस्तार को बडाते हुए रवि भारद्वाज ग्राम टेमनी को सह सचिव केश शिल्पी प्रकोष्ठ पद पर नियुक्त किया जाता हैं । उल्लेखित पद अधिकारी को निर्वाचित घोषित किया जाता हैं । इस समिति को समाज के हित में शासकीय संचालन हेतु अधिकृत किया जाता हैं। सेन नाई समाज ब्लाक लांजी के अध्यक्ष संतोष श्रीवास के द्वारा बताया गया समाज को आगे बडाने एवं सचारू रूप से चलाने हेतू संगठन मजबूत करना अनिवार्य है जिससे सामाजिक बंधुओ समेत सर्व नाई समाज को लाभ मिल सकें।

## एमएसपी से कम व एमआरपी से अधिक पर शराब विक्रय करने पर 10 हजार का लगा जुर्माना

### रजेगांव व टेडवा की कम्पोजिट मदिरा शॉप को एक दिवस के लिए किया निलंबित

**बालाघाट।** जिले की कम्पोजिट मदिरा शॉप के अनियमित ढंग से व्यापार करने पर आबकारी विभाग द्वारा कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की गई है। मामला 19 मई का है जिसमे कम्पोजिट मदिरा दुकान रजेगांव ए के लायसेंसी श्री देवसिंह पर एमएसपी से कम दर पर मदिरा विक्रय करने का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। वहीं कम्पोजिट मदिरा दुकान टेडवा जय श्री बालाजी एसोसिएट पार्टनर लायसेंसी देवेंद्र ठाकरे के विरुद्ध एमआरपी से अधिक पर मदिरा विक्रय का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। सहायक आबकारी आयुक्त श्री सुरेंद्र कुमार उरांव ने बताया कि दोनों ही प्रकरणों में संबंधित लायसेंसीयो को 19 जून 2024 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। जिसके जवाब की पूर्ण रूप से पुष्टि नही हो पायी है। जिसके फलस्वरूप आबकारी अधिनियम 1915 के अंतर्गत दोनों ही मदिरा दुकानों को 1 दिवस (30 जून) के लिए निलंबित के आदेश जारी किये गए है। साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना दंडित किया गया है। वहीं ऐसे अपराध की पुनरावृत्ति न किये जाने के लिए भी सचेत किया गया है।

## 88 बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को प्रदान की निशुल्क एमआर किट

**बालाघाट।** शुक्रवार को राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार सिकंदराबाद के द्वारा सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास बालाघाट में जिले के चिन्हित एसटी एससी वर्ग के 88 बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को निशुल्क एम.आर किट प्रदान की गई। इस किट वितरण कार्यक्रम में सिकंदराबाद से आई डॉक्टर सुनीता देवी व्याख्याता पुर्नवास मनोवैज्ञानिक कुमारी रूपाली यादव विशेष शिक्षक ने सम्पूर्ण किट को दिव्यांग बच्चों के पालकों को किट की उपयोगिता के बारे में सविस्तार से समझाया।

## आम जन तक पहुँचाएं नए स्वरूप में लागू किए गए कानून की जानकारियाँ: मुख्यमंत्री

**बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल से देश में गुलामी की निशानियों को समाप्त करने के लिए विभिन्न कार्य हो रहे हैं। इस क्रम में एक जुलाई से देश में अनेक कानून नये स्वरूप में लागू होंगे। दंड के स्थान पर न्याय का महत्व बढ़ें एवं भारतीय नागरिकों को संविधान में प्रदत्त अधिकारों की रक्षा हो सके, इस चिंतन से तीन विधेयक निरस्त कर नए दंडनीय विधेयक लाए गए हैं। आम जन तक इनकी जानकारी पहुँचाने के सभी प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज वीडियों कान्फ्रेंसिंग से प्रदेश के सभी कलेक्टर्स, कमिश्नर्स, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। बालाघाट वीसी कक्ष में आईजी संजय कुमार, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, एसपी समीर सौरभ, जिला पंचायत सीईओ डीएस रणदा व अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंग्रेजों के समय से चले आ रहे ऐसे विधेयक एवं अधिनियम में भारतीय दंड संहिता 1860, दंड प्रक्रिया संहिता (1898), 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 शामिल हैं। भारतीय दंड संहिता 1860 को भारतीय न्याय संहिता विधेयक 2023 द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा। दंड प्रक्रिया संहिता 1898 को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक 2023 द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा। इसी तरह भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 को भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है।

## पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का तीन दिवसीय प्रवेश उत्सव आज से होगा आरम्भ

**बालाघाट।** मप्र शासन द्वारा इस वर्ष से सीएम राइज स्कूल की तर्ज पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस प्रारम्भ किये जा रहे है। बालाघाट में जटाशंकर त्रिवेदी पीजी कॉलेज को पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में चुना गया है। जटाशंकर त्रिवेदी महाविद्यालय के प्राचार्य आरएल चन्देलकर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 1 जुलाई से तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों को नए परिवेश से सहज महसूस कराने, उनमें संस्थान की प्रकृति एवं संस्कृति को सिखाना है। जिले के अग्रणी महाविद्यालय को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय के विभिन्न विभागों, प्राध्यापकों, महाविद्यालय की सांस्कृतिक-साहित्यिक गतिविधियां एनएसएस, एनसीसी, क्रीड़ा गतिविधियों एवंवमहाविद्यालय में संचालित अन्य क्लबों से परिचित कराना है। इसके बाद महाविद्यालय में शून्य कक्षाओं का संचालन किया जाएगा।

इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिवस (01 जुलाई) को उद्घाटन समारोह के पश्चात राष्ट्रीय शिक्षा नीति, परीक्षा प्रणाली एवं महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का परिचय दिया जाएगा। द्वितीय दिन छात्रवृत्ति, पाठ्यक्रमों का परिचय, पुस्तकालयों, प्रयोगशाला का भ्रमण कराया जाएगा। साथ ही कॅरियर प्लेसमेंटस सेल का परिचय दिया जाएगा। 03 जुलाई को संवेदीकरण कार्यक्रम में सूचना का अधिकार, सायबर और बौद्धिक संपदा के अधिकारों, जेंडर सेन्सेटाईजेशन से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### 05 जुलाई को खाते में पहुंचेगी लाडली बहन की राशि

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश में 1 करोड़ 25 लाख से अधिक महिलाओं को आर्थिक सक्षमता प्रदान करने वाली लाडली बहन की राशि जुलाई माह में 14 वीं किस्त के रूप 05 जुलाई को उनके खाते में स्थानांतरित की जायेंगी और यह राशि इस बार से उन्हें बढ़कर मिलेगी यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री डां. मोहन यदाव ने सीएम मोहन याढव ने शनिवार को बालाघाट में एक सभा को संबोधित करते हुए तारीख के साथ पैसे बढ़ाने का भी ऐलान किया है। सीएम ने कहा लाड़ली बहनों का ख्याल हमेशा रखा जाएगा और यह योजना चलते रहेगी बंद नहीं होगी।

कलेक्टर-एसपी ने राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# गैर कानूनी गतिविधियों लिप्त व्यक्तियों पर कठोर कार्यवाही करने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार मेहता की अध्यक्षता में विकासखंडस्तरीय राजस्व, पुलिस अधिकारियों बैठक आयोजित हुई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लखनादौन श्री हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर श्री सीएल चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनिता खंडायत, एसडीओपी एवं संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियंका वर्मा एवं थाना प्रभारियों की उपस्थिति रही।

बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने सभी राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को अनुभाग स्तर पर समन्वय स्थापित कर संवेदनशील प्रकरणों को निराकरण करने तथा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने गलत गतिविधियों एवं आपराधिक प्रकरणों में संलिप्त व्यक्तियों का चिन्हांकन कर संबंधित संबंधित व्यक्ति की जानकारी उस क्षेत्र के एसडीओपी एवं थाना प्रभारी के संज्ञान में लाकर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार मेहता ने अनुभागस्तरीय अधिकारियों को गौकशी संबंधी प्रकरणों की जानकारी प्राप्त होने पर त्वरित रूप से घटना स्थल पर पहुंच कर घटना का सत्यापन कर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा उक्त क्षेत्र में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने गौकशी, अवैध गौ परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों एवं अवैध गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों का भी चिन्हांकन कर उन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने ने सभी पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र स्थित ढाबों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए एवं अवैध गतिविधियों में शामिल ढाबा संचालकों पर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने अनुभाग स्तर पर समन्वय स्थापित कर सूचना तंत्र को सुदढ़ करने के भी निर्देश दिए, ताकि किसी भी अप्रत्याशित घटना को रोका जा सके।

# पुल में भरा नाली का पानी नगर परिषद नहीं दे रही ध्यान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छपारा।

छपारा नगर में लगातार हो रही बारिश से किसान खुश नजर आ रहे हैं वहीं नगरपरिषद भले ही नगर को साफ सुथरा बनाने के लिए कागजों में लाखों खर्च कर फोटो खिंचवाकर सोसल मीडिया में छायी हुयी है परन्तु हकीकत कुछ और ही है नगर के मुख्यमार्ग चमरहा नाले पर बने उच्च स्तरीय पुल जो करोड़ों की लागत से बना है आज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाने को मजबूर है पुल में गंदी नालीयों का पानी एकत्रित हो रहा है स्कुलीय बच्चों के साथ साथ राहगीर भी परेशान हो रहे हैं तेजगति से टू व्हीलर फोर व्हीलर वाहन जब निकलते हैं तो स्कूलीय बच्चों की कपड़ों को रंगते हुए गुजरते हैं नगरपरिषद ध्यान नहीं दे रही अव्यवस्थाओं को लेकर नगरवासियों में रोष नजर आ रहा है

# घरों में चोरी करने वाले तीन आरोपी एवं एक बालक चढ़े पुलिस के हत्थे

**घरों में चोरी करने वाले 2 अलग-अलग अपराध के तीन आरोपी एवं एक विधि विरूध्द बालक चढे पुलिस के हत्थे (जिनसे लगभग 4,80,000 रुपये के सोने चांदी के जेवरात बरामद) किया गया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेंहता द्वारा लगातार निर्देशित किया जाता रहा है कि जिले एवं नगर में हो रही नकबजनी एवं चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपियों को शीघ्र अति शीघ्र पकडकर कार्यवाही करें इसी तारतम्य में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार सक्रियता से संदेही आरोपियों से लगातार पूछताछ की जा रही थी श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती पूजा पाण्डे के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी की टीम ने 02 अलग-अलग अपराध के नकबजन चोरों को पकडने एवं माल बरामदगी करने में सफलता हासिल की।

दिनांक 22/04/2024 को प्रार्थी पुरषोत्तम अग्रवाल निवासी अशोक वार्ड सब्जी मंडी ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने परिवार के साथ मथुरा वृन्दावन भ्रमण करने गये थे उस दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके घर में ताला तोडकर आलमारी में रखे सोने एवं चांदी के जेवरात एवं नगदी चोरी करके ले गये जो पुलिस द्वारा तत्परता से घटना स्थल का मुआयना कर प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 296/24 धारा 457,380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।



दिनांक 23/06/2024 को प्रार्थी मोहम्मद आशिफ खान निवासी टीपू सुल्तान चौक में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने परिवार के साथ अपने ग्राम बगलई खेती के काम से गया था उस दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके घर में ताला तोडकर आलमारी में रखे सोने एवं चांदी के जेवरात एवं नगदी चोरी करके ले गये जो पुलिस द्वारा तत्परता से घटनास्थल का मुआयना कर प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 461/24 धारा 457,380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना में संदेही आरोपियों से लगातार पूछताछ की जा रही थी एवं तकनीकी सहायता एवं कैमरो की मदद से संदेही आरोपियों से कडाई से पूछताछ की गई जिसमें प्रथम हड्डी गोदाम के 01 आरोपी एवं 01 विधि विरूध्द बालक को अभिरक्षा में लिया गया जिन्होने 21-22/06/2024 की दरमियानी रात को टीपू सुल्तान चौक निवासी आशिफ खान के घर में ताला तोडकर चोरी करना स्वीकार किया जिससे चोरी के जेवरात जप्त किये गये एवं लगातार अन्य संदेही आरोपियों से लगातार पूछताछ की जा रही थी जिसमें अन्य 02 आरोपी और मिले जिन्होनें बुधवारी बाजार पुरुषोत्तम अग्रवाल के घर में दिनांक 20/04/2024 की रात्रि में घर की ताला तोडकर चोरी करना स्वीकार किये जो तीनों आरोपी एवं विधि विरूध्द बालक से निम्नानुसार चोरी के जेवरात एवं नगदी रूपये जप्त किये गये।

अपराध क्रमांक 296/24 धारा 457,380 भादवि में गिरफ्तार आरोपी एवं जप्ती जेवरात एवं नगदी का विवरण। नूर उर्फ जुनेद पिता जहीर खान उम्र 30 साल निवासी झिरिया मोहल्ला सिवनी थाना कोतवाली, मोहम्मद आमीर पिता अब्दुल शफीक खान उम्र 19 साल निवासी बुधवारी बाजार अशोक वार्ड सिवनी।

जप्ती जेवरात – 05 नग सोने की अंगूठी, 02 नग सोने की चैन, 5 नग चांदी की पायल, 5 नग चांदी की बिछिया, 17 नग चांदी के सिक्के, नगदी 15000 रूपये, कुल मसरूकाः 1,80,000 रूपये लगभग। अपराध क्रमांक 461/24 धारा 457,380 भादवि में गिरफ्तार आरोपी एवं जप्ती जेवरात का विवरण। अफरोज पिता सलीम खान उम्र 19 साल निवासी पठान चौक हड्डी गोदाम सिवनी, विधि विरूध्द बालक। जप्ती जेवरातः 1.01 जोडी (02 नग) सोने के कंगन, 01 जोडी (02 नग) सोने की कान के झाले, 02 नग सोने की अंगूठी, 01 नग सोने की चैन जिसमें 01 सोने का पेंडल लगा है। कुल मसरूकाः 3,00,000 रूपये लगभग

हैं आपराधिक रिकार्ड – उल्लेखनीय है कि नूर उर्फ दुनैद खान के लडाई-झगडे के 12 आपराधिक रिकार्ड एवं विधि विरूध्द बालक के चोरी के 02 आपराधिक रिकार्ड है।

# युवक पर चाकू से हमला करने वाले 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कोतवाली थाना अंतर्गत 2 युवकों पर आपसी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने चाकू से हमला कर दिया था। जिसमें एक युवक घायल हो गया था। हमलावर मौके से फरार हो गए थे। जिनकों कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने रविवार दोपहर एक बजे बताया कि दो दिवस पूर्व संस्कार ढाबा के पास अभिषेक उईके और उसके साथी जितेंद्र निवासी सिवनी को कुछ लडकों ने नुकीली वस्तु से चोट पहुंचा कर घायल किया था। पूछताछ पर जानकारी प्राप्त हुई कि दानिश खान उर्फ नोबिता और नदीम दोनों निवासी हड्डी गोदाम सिवनी ने कुरई क्षेत्र में किसी रिश्तेदारी में हुए घटनाक्रम को लेकर बायपास संस्कार ढाबा के पास साथियों के साथ मिलकर मारपीट की थी। इसके कारण घायल अभिषेक को जिला अस्पताल 100 डायल के माध्यम से भर्ती कराया गया था और हमला करने वालों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर जाकर तलाश की जा रही थी। इसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना में प्रयुक्त बटनदार चाकू, 3 बाइक, 3 मोबाइल जब्त किए गए हैं।

इन्हें किया गिरफ्तारः- 1. दानिश उर्फ नोबिता खान पिता हसन खान उम्र 28 साल नि. मदीना मस्जिद के पास हड्डी गोदाम सिवनी 2. नदीम खान पिता नसीर खान उम्र 23 साल नि. मदीना मस्जिद के पास हड्डी गोदाम सिवनी 3. फिरोज खान पिता स्व. कलीम खान उम्र 31 साल नि. मदीना मस्जिद के पास सिवनी 4. अमान खान पिता हबीब खान उम्र 20 साल निवासी ज्यारत गेट के पास सिवनी 5. मुस्तफा खान पिता मुस्ताक खान उम्र 20 साल नि. हिमांशु रेस्टारेन्ट के पास सिवनी 6. निसार रजा पिता वकील कुरैशी उम्र 20 साल नि. मस्जिद के पास एकता कालोनी सिवनी कार्रवाई में ये रहे शामिल इस कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पूजा पाण्डेय, कोतवाली प्रभारी सतीश तिवारी, प्रधान आरक्षक सुन्दरश्याम तिवारी, राजेश जंघेला, आरक्षक अमित रघुवंशी, शिवम बघेल, इरफान खान और अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# आत्महत्या के आरोपी हुये गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** थाना केवलारी के अपराध क्रमांक 236/2024 धारा 306,34 भादवि. में आरोपी सास, ससुर एवं ननद द्वारा घरेलू बातों को लेकर प्रताडित करने से मृतिका वर्षा राय फिनाईल का सेवन कर लेने से दिनांक 12.65.2024 को ईलाज के दौरान नागपुर में फौत होने पर थाना केवलारी में मर्ग क्रमांक 35/2024 धारा 174 जाफौ. कायम कर जाँच की गई। जाँच पर पाया गया कि मृतिका की सास राधा बाई, ससुर कृष्णगोपाल राय, ननद संगीता राय द्वारा घरेलू बातों को लेकर वर्षा राय को प्रताडित करते थे, जिस कारण वर्षा राय द्वारा फिनाईल का सेवन कर आत्महत्या करना पाये जाने पर दिनांक 29.05.2024 को आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। प्रकरण में दिनांक 30.05.2024 को आरोपिया राधा बाई पति कृष्णगोपाल राय निवासी खैरापलारी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करने पर न्यायालय द्वारा आरोपिया को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। प्रकरण में अन्य फरार आरोपी कृष्णगोपाल राय पिता जगनंदन राय उम्र करीब 66 साल निवासी एकता कालोनी पलारी एवं संगीता राय पति नंदकिशोर राय उम्र करीब 40 वर्ष निवासी पिपरिया नाई थाना धनौरा की तलाश पतासाजी निवास स्थान एवं हर संभावित स्थानों पर की गई है। प्रकरण में की गिरफ्तारी हेतु निरीक्षक चैनसिंह उईके थाना प्रभारी केवलारी के नेतृत्व में 07 सदस्यीय पुलिस टीम गठित की गई है। प्रकरण की विवेचना थाना प्रभारी केवलारी द्वारा स्वयं की जा रही है। फरार आरोपियों की तलाश पतासाजी हर संभावित स्थानों पर की जा रही है।

# प्रधान आरक्षक राकेश ठाकुर के परिजनों को नहीं मिली श्रद्धा निधि

### मुख्यमंत्री ने की थी 01 करोड़ रूपये देने की घोषणा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** डूंडासिवनी थाना अंतर्गत महाराणा प्रताप नगर के एक घर में चोरी की घटना की जांच में पुलिस को अलग-अलग जिलों में रैकी कर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले चोर गिरोह का सुराग मिला था।चोर गिरोह की लोकेशन मिलने पर 18 जनवरी की रात नाकाबंदी कर इंडासिवनी पुलिस टीम मौके पर गई थी। कोतवाली थाना क्षेत्र के छिंदवाड़ा रोड़ वैनगंगा नदी पुल के पास डूंडासिवनी पुलिस की दो टीमें चोर गिरोह को पकड़ने गई थी।चार पुलिस कर्मियों के दल में शामिल कार्यवाहक प्रधान आरक्षक राकेश ठाकुर ने मौके पर पहुंचकर चोर गिरोह के तीन आरोपितों को पकड़ लिया था। चोर गिरोह में शामिल भिंड निवासी चौथे आरोपित रामगणेश गुर्जर ने अपने साथियों को बचाने कार्यवाहक प्रधान आरक्षक राकेश ठाकुर पर रिवाल्वर से गोली चलाकर मौके से फरार हो गया था। तब से अब तक फरार हत्यारे रामगणेश गुर्जर तक पुलिस नहीं पहुंच पाई है।

परिजनों को नहीं मिली श्रद्धा निधि की राशि

वहीं इस घटना के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपने प्राणों का बलिदान करने वाले प्रधान आरक्षक राकेश ठाकुर के बलिदान पर शोक संवेदना व्यक्त किया था। उन्होने पुलिस कर्मी को शहीद का दर्जा देने और राज्य सरकार द्वारा परिवारजनों को श्रद्धा निधी के रूप में एक करोड रुपये की राशि प्रदान करने के साथ- साथ परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की थी एवं उन्होंने बताया था कि घटना के तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया था एवं एक अन्य फरार आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा और कहा था कि मध्यप्रदेश की धरती पर अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। किसी भी अपराधी को बख्सा नहीं जाएगा। इन घोषणाओं में से अब तक बलिदानी के पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति तो दे दी गई है लेकिन श्रद्धा निधि के रूप में एक करोड़ रुपये बलिदानी के स्वजनों को नहीं मिले है।

# केवलारी विधायक रजनीश सिंह ने धनौरा नगर का दौरा किया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शनिवार को केवलारी के विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह जी ने धनौरा नगर का दौरा किया।दौरा कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम धनौरा नगर के प्रतिष्ठित श्री राजिक भाई के नवीन प्रतिष्ठान फेशन फुट वेयर के उद्घाटन समारोह में शामिल होकर अपनी सहभागिता निभाई एवं परिवार जनों को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित किया।तत्पश्चात धनौरा निवासी श्री ब्रजमोहन लखेरा जी की माता जी के निधन उपरांत परिवारजनों को शोक संवेदना व्यक्त किया । तत्पश्चात बाजार चौक धनोरा में श्री सत्यम राय जी नवीन प्रतिष्ठान सत्यम मोबाइल शॉप के शुभारम्भ के अवसर पर सम्मिलित होकर बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित किया।तत्पश्चात धनौरा ब्लॉक में निर्माणाधीन CM राइस स्कूल साजपानी टोला का निरक्षण किया एवं नवीन शत्र के व्यवस्थाओ की जानकारी ली।एवं ग्राम साजपानी में वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं ग्राम देवी माँ खैरमाई का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं साजपानी में उपस्थित समस्त ग्राम वासियों को संबोधित किया।

### जिला कांग्रेस आज पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुश्री विमला वर्मा का जन्म दिवस मनायेगी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले में विकास की स्थायी आधारशिला रखने वाली जन जन की लोकप्रिय कांग्रेस नेत्री, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुश्री विमला वर्मा (बुआ) का जन्म दिवस जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में दिनांक 01 जुलाई 2024, दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे बनाया जायेगा। जिला कांग्रेस संगठनमंत्री एड़ पंकज शर्मा ने समस्त कांग्रेस जनों से जन्म दिवस कार्यक्रम में उपस्थिति हेतु अपील की है।

### भारत को टी-20 वर्ल्ड कप जीतने पर सिवनी जिलेवासियों ने देर रात तक मनाया जश्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच हुए टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में भारत ने खिताब अपने नाम कर लिया। जिसके चलते पूरे सिवनी जिले में देर रात को जश्न मनाया गया। सिवनी के काली चौक, नेहरू रोड, बस स्टैण्ड, बारापत्थर, गणेश चौक, डूंडा सिवनी सहित जिले के कई क्षेत्रों में लोगों में उत्साह दिखा। शुक्रवारी में बड़ी संख्या में लोगों ने एकत्रित होकर जीत का जश्न मनाया। इस दौरान पटाखे फोड़कर, नारेबाजी की और मिठाईयां बांट कर लोगों ने एक दूसरे को जीत की बधाई दी। जीत की खुशी में क्रिकेट प्रेमी नाचते नजर आए। क्रिकेट प्रेमियों ने बताया की भारत ने दूसरी बार टी 20 विश्व कप का खिताब जीता है। भारत की इस ऐतिहासिक जीत से हर भारतीय गौरवान्वित है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान, वृक्षारोपण एवं अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट की व्यवस्था को लेकर सीएम डॉ यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों से की चर्चा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी कलेक्टर, कमिश्नर और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में 5 से 30 जून की अवधि में चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत संचालित गतिविधियों और कार्यों की समीक्षा की। इसी तरह मूख्यमंत्री डॉ यादव ने शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर अधिक से अधिक पौध रोपण करवाने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिए। उन्होंने अंतर्राज्यीय परिवहन चेकपोस्ट की पारदर्शी प्रणाली को लेकर भी विस्तार दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये हैं।



उक्त वीडियो कॉन्फ्रेंस से कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार मेहता भी जुड़े। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, वन विभाग के अधिकारी एवं सीएमओ की उपस्थिति रही।

### आज से नदियों एवं स्वीकृत खदानों से रेत का उत्खनन रहेगा प्रतिबंधित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संस्कृति जैन ने शासन के निर्देशानुसार 30/06/2024 की मध्य रात्रि से 01/10/2024 तक जिले की समस्त नदियों एवं स्वीकृत खदानों से खनिज रेत का उत्खनन प्रतिबंधित किये जाने के आदेश जारी किए है। प्रतिबंधित अवधि में खनिज रेत का उत्खनन करने पर सम्बन्धितों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### कुएं मे मिला 63 वर्षीय वृद्ध का शव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के किंदरई थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मानेगांव ग्राम के समीप बने कुएं में शनिवार दोपहर में 63 वर्षीय वृद्ध का शव मिला है। जिसके बाद पुलिस जांच में कर रही है। जानकारी के अनुसार वृद्ध किसी काम से कुएं के पास गया था, जहां पैर फिसलने से वह कुएं में गिर गया। घटना की जानकारी प्रत्यक्षदर्शियों ने किंदरई पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से वृद्ध के शव को बाहर निकलवाया गया। पंचनामा कार्रवाई करने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आखिर हादसा कैसे हुआ। मृतक का नाम है महेश कुंजाम पिता सोहन सिंह कुंजाम उम्र 63 वर्ष है।

# 5 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

संयक्त संचालक प्राचीस जैन के दिशा निर्देशन में 5 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन एस एस कुमरे, ज़िला शिक्षा अधिकारी, आर पी पाटिल, सहायक संचालक, विपनेश जैन ए डी पी सी,महेश गौतम प्राचार्य, रश्मि राय, प्राचार्य एम एल बी,जी पी सकुरे, एन एस बैस, गजेंद्र बघेल, मास्टर ट्रेनर गणित अविनाश अनवेकर,रविकांत गढ़ेवाल,भूपेंद्र चौधरी, मनोज सनोडिया, राकेश साहू,अनामिका बघेल,मास्टर ट्रेनर विज्ञान मोहन विश्वकर्मा, पी एल सनोडिया, विजय ठाकुर, के डहेरिया, शमसुन्निशा खान ,सहयोगी आशीष दुबे, अरविंद तिवारी, सतीश रजक, रामचरण मर्सकोले, दीप पवार गणित में 113,एवं विज्ञान में 127 शिक्षको ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# सिवनी डांस मास्टर के विजेता बने आर्यन सनोडिया

## डॉ. रोहित जुनेजा के द्वारा डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी के मार्बल क्लब के तत्वधान में डॉक्टर रोहित जुनेजा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें शहर के अलावा बाहर के भी प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में अलग-अलग आयुवर्ग के अनुसार हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम में बच्चों को दो वर्गों में बांटा गया था पहले 5 वर्ष से लेकर 10 वर्ष और दूसरा 11 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक इस कार्यक्रम की जज मिस जिया नंदा जो की मिस छत्तीसगढ़ विनर है और जयंती वासुदेव किड्स वर्ल्ड स्कूल नागपुर में अपनी सेवाएं दे रही है कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही गर्म जोशी से हुआ जिसमें 5 वर्ष से लेकर 10 वर्ष के प्रतिभागियों में प्रथम स्थान पर तन्वी का कोरिया द्वितीय स्थान पर सिद्धि गुप्ता तथा तीसरी स्थान पर हंसिका जुनेजा रही वही11 से 18 वर्ष के आयु वर्ग में प्रथम स्थान पर आर्यन सनोडिया द्वितीय स्थान पर अक्षत राय तृतीय स्थान पर पावनी नाग रही रंगारंग कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागियों की प्रस्तुति देखकर उपस्थित दर्शक मंत्र मुक्त हो गए सभी प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम आयोजन करता रोहित जुनेजा ने बताया कि कार्यक्रम बहुत ही सफलतम पूर्वक संपन्न हुआ और सभी प्रतिभागियों ने अपना हुनर मंच के माध्यम से दिखाया आगे भी हम सिवनी जिले में इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करते रहेंगे कार्यक्रम संचालक के द्वारा सभी प्रतिभागी बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना दी।

# हरिभूमि पाठक पुरस्कार का किया वितरण



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना के अंतर्गत छपारा के पाठक 210 नम्बर सोनाली श्रीवास्तव पिता महेश कुमार श्रीवास्तव छपारा को पुरस्कार हरिभूमि संवाद दाता महेश पाटर के द्वारा प्रदान किया गया

मामला बालाघाट-सिवनी मार्ग पर स्थित पांढरवानी की 10 दुकानों का

## लालबर्रा के तत्कालीन तहसीलदार ने कलेक्टर से अनुमति लिए बगैर जारी किए थे पट्टे, पट्टे निरस्त

### आबादी गोठान मद की भूमि का हो रहा था दुकान बनाकर व्यावसायिक उपयोग



**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।**

लालबर्रा के तत्कालीन प्रभारी तहसीलदार दिलीप मडावी द्वारा नियम कानून को ताक पर रखकर फर्जी तरीके से एक ही दिन मे एक ही समाज के 10 नामी व्यक्तियों को वर्ष 2018 में पांडरवानी स्थित भूमि खसरा नंबर 311 /1 रकबा 0.626 हेक्टेयर आबादी गोठान मद की करोड़ों रुपए की भूमि 10 नामी व्यक्तियों को दे दी गई और पट्टा भी आवंटित कर दिया गया था I पट्टा धारियों में श्री सरोवर वल्द आत्माराम टेम्भरे, तरुण वल्द मानिकराम,लेखराम वल्द बृजलाल , दीपक वल्द पूरनलाल, लता दीपक ठाकुर, डुलेन्द्र टंडन लाल ठाकरे, अजय देवेंद्र बोपचे, कन्हैया देवेंद्र बोपचे, योगेश कोडुलाल ठाकुर, सुरेंद्र सिंह लालसिंह के नाम है I पट्टाधारियों द्वारा नियम कानून को ताक पर रखकर आबादी गोठान वाली भूमि पर गैर कानूनी तरीके से कमरों का निर्माण कर व्यावसायिक गतिविधियां शुरू कर दी गई थी जो नियमानुकूल नहीं है । उक्त गंभीर मामले की शिकायत लालबर्रा निवासी नरेंद्र जयसवाल द्वारा वर्ष 2019 मे संभाग आयुक्त जबलपुर से की गई थी और निवेदन किया गया कि तहसीलदार द्वारा राजनीतिक दबाव और आपसी लेनदेन कर पट्टा जारी किया गया और पट्टाधारियों द्वारा शासकीय भूमि पर दुकान बनाकर संचालित की जा रही थी श्री जायसवाल कमिश्नर जबलपुर से लिखित शिकायत करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की थी संभाग आयुक्त ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए और जांच निर्धारित की जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वारासिवनी द्वारा शिकायत पर स्थल निरीक्षण किया गया अनुविभागीय अधिकारी ने जांच में पाया कि मिसल अभिलेख 1914-15 अनुसार ग्राम पांडरवानी रा. नि.मं. लालबर्रा स्थित खसरा 311 / रकबा 0.626 हे. आबादी गोठान मद की भूमि है, वर्ष 2018 में उपरोक्त 10 नामी व्यक्तियों को उक्त आबादी गोठान भूमि पर पट्टे प्रदाय किए गए, दिए गए पट्टे की भूमि पर अनावेदक्रो द्वारा व्यवसायिक प्रयोजन हेतु बिना व्ययप्रवर्तन कराए दुकानें संचालित कर रहे थे, जिस परिसर में लंबे समय से दुकान व स्कूल संचालित हो रहा था उसमें आबादी भूमि के पट्टे दिए जाना नियमानुकूल नहीं है उक्त प्रकरण में कमिश्नर जबलपुर द्वारा तत्कालीन प्रभारी तहसीलदार लालबर्रा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया परंतु प्रभारी तहसीलदार दिलीप मरावी द्वारा संभाग आयुक्त को समाधान कारक जवाब नहीं दिया गया आरोप तय हो गए और कमिश्नर जबलपुर में अपने आदेश में तत्कालीन प्रभारी तहसीलदार दिलीप मरावी की आगामी चार वेतन वृद्धि असंचीय प्रभाव से रोकी जाती है।

मिली जानकारी के अनुसार पट्टा धारियों द्वारा संभाग आयुक्त के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका लगाई गई और बताया गया कि उक्त भूमि पर कोई व्यावसायिक उपयोग नहीं किया जा रहा है मामले पर फैसला सुनाते हुए हाईकोर्ट ने याचिका कर्ताओं को यह आदेशित किया कि उक्त भूमि पर व्यवसायिक गतिविधियां संचालित नहीं होगी। याचिकाकर्ताओ क्रो उपरोक्त व्यावसायिक भवन को आवासीय भवन में परिवर्तित करने लिए अगर आवेदन प्रस्तुत किया जाता है तो यह न्यायालय गुण दोषों के आधार पर निराकरण करेगी साथ ही माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि यदि याचिका कर्ता /अनावेदक अपनी अंडरटेकिंग का पालन नहीं करते हैं और उक्त भूमि पर व्यवसायिक गतिविधियां प्रारंभ करते हैं, तो उपरोक्त कृत्य के लिए माननीय उच्च न्यायालय के मानहानि के लिए भी दंडित किए जा सकेंगे।

### आबादी गोठान मद की भूमि का हो रहा था व्यावसायिक उपयोग

शासकीय भूमि का दुरुपयोग के गंभीर मामले पर शिकायतकर्ता नरेंद्र जयसवाल से चर्चा की गई तो उन्होंने हरिभूमि समाचार पत्र जबलपुर के प्रतिनिधि क्रो बताया कि पांडरवानी स्थित आबादी गोठान मद खसरा नंबर 311/1 रकबा ओ. 626 हेक्टर भूमि जो करोड़ों रुपए की शासकीय भूमि का पट्टा एक ही दिन मे एक ही समाज के 10 नामी व्यक्तियों क्रो तहसीलदार और पटवारी के द्वारा जारी किए गए, पट्टेधारीयों से आपसी रुपए का लेनदेन कर फर्जी तरीके से उक्त भूमि के पट्टे प्रदाय कर दिए गए और उक्त आबादी और गोठान मद की भूमि पर पट्टेधारीयों द्वारा कमरा बनाकर व्यावसायिक दुकान संचालित करने लगे और हां विचार करने वाली बात तो यह है की जिन व्यक्तियों को पट्टे जारी किए गए हैं उनमें शासकीय कर्मचारी, सचिव और शिक्षक एवं जनपद अध्यक्ष भी सम्मिलित है उक्त भूमि पर व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था जिसकी शिकायत मेरे द्वारा 2019 में कमिश्नर जबलपुर से की गई थी1 गंभीर मामले पर कमिश्नर द्वारा उक्त प्रकरण की जांच करवाई गई शिकायत की जांच अनुविभागीय अधिकारी वारासिवनी द्वारा की गई और अनुविभागीय अधिकारी वारासिवनी ने शिकायत की जांच में यह पाया कि उक्त भूमि पर व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। जांच उपरांत कमिश्नर जबलपुर द्वारा तत्कालीन प्रभारी तहसीलदार दिलीप मडावी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया उनका जवाब समाधान कारक ना होने के कारण उनकी आगामी चार वेतन वृद्धि रोक दी गई और फर्जी तरीके से तहसीलदार और पटवारी द्वारा जारी किए गए 10 व्यक्तियों के पट्टे निरस्त कर दिए गए I

मुख्य वन सरंक्षक एपीएस सेंगर के संरक्षण में आर.ओ. इमरान कुरैशी की बल्ले-बल्ले स्थानांतरण के बाद भी योजनाओं की राशि में बंदरबांट जारी

## वन्य प्राणी सरंक्षण कार्य में लाखों डकार गये वनपरिक्षेत्र पूर्व बैहर




**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में वन्य प्राणी सरंक्षण कार्य में पूर्व बैहर सामान्य को लाखों की राशि जारी हुई थी। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार लगभग 40 लाख रूपये से वन्य प्राणी सरंक्षण कार्य में झिरिया निर्माण, चेक डेम, ब्राशूट निर्माण तथा अन्य कार्य मोहगांव सर्किल, बैहर भाग एक सर्किल तथा एक और अन्य सर्किल में किया जाना था किन्तु वन परिक्षेत्र पूर्व बैहर इमरान कुरैशी के सरंक्षण में उपरोक्त सर्किल प्रभारियों के द्वारा कागजों में कार्य दर्शाकर राशि का बंदरबाट कर लिया गया हैं।



गजेन्द्र बिसेन
सर्किल प्रभारी

सूत्र यह भी बताते हैं कि वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का पूर्व बैहर इमरान कुरैशी को सरंक्षण प्राप्त हो रहा हैं। इसी कारण से वन परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व बैहर बेखौफ होकर शासन की राशि का बंदरबाट कर रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अगर उपरोक्त सर्किल की जांच की जाती हैं तो लाखों का भ्रष्टाचार उजागर होगा। मोहगांव सर्किल से लगभग 6 माह पूर्व रूपेश गवने हटाये गये थे उसके बाद गजेन्द्र बिसेन के द्वारा प्रभार लिया गया था। मोहगांव सर्किल में वित्तिय वर्ष 2023-24 में लाखों के कार्य स्वीकृत कियें गये किन्तु सर्किल प्रभारी के द्वारा कागजों में कार्य दर्शाकर शासन की योजना में पलीता लगाने में कोई कसर नही छोड़ा जा रहा हैं।

### कौन हैं इमरान कुरैशी, जो अंगद के पावं के जैसे जमे हैं...



वन परिक्षेत्र पूर्व बैहर में इमरान कुरैशी आर ओ के पद में पदस्थ हैं। हालांकि लोकसभा चुनाव से पूर्व इनका स्थानांतरण अन्यत्र हो चुका हैं। वरिष्ठ अधिकारियों की मेहरबानी के चलते तथा आचार संहिता का लाभ उठाते हुए स्थानांतरण के बाद भी पूर्व बैहर में जमे हुए हैं और शासन की योजनाओं को भरपूर पलीता लगा रहे हैं।

सूत्र यह भी बताते हैं कि 8-10 वर्ष पूर्व दक्षिण वनमंडल सामान्य अंतर्गत वन परिक्षेत्र किरनापुर सामान्य में पदस्थ थे, वरिष्ठ अधिकारियों ने किरनापुर से हटा दिया था वहीं 6 माह के बाद वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से ताल-मेल बिठाकर वर्ष 2021-22 में लामता उत्पादन में पोस्टिंग कराने में कामयाब हो गये किन्तु वहां पर भी वनमंडल उत्पादन में पदस्थ एसडीओ से तालमेल नहीं बैठने के चलते इमरान कुरैशी अखबारों की सुर्खियां बनते रहें और अब 2024 में वन परिक्षेत्र पूर्व बैहर में स्थानांतरण होने के बाद अंगद के पावं के तरह जमे हैं।

## चीतल शिकार के मामले में नाबालिग समेत 5 गिरफ्तार

### ग्रामीणों की सूचना पर कार्रवाई; आरोपियों से मांस, खाल और सींग बरामद

**हरिभूमि न्यूज लांजी/बालाघाट।**

जिले के लांजी वन परिक्षेत्र पश्चिम अंतर्गत पीपलगांव बीट के कक्ष क्रमांक 258 में कुत्तों को दौड़ाकर सांभर का शिकार कराने के मामले में लांजी पश्चिम सामान्य की वन परिक्षेत्र अधिकारी नेहा घोड़ेश्वर की टीम ने ग्राम बगदेही के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें एक नाबालिग लड़का भी शामिल है।



5 ग्रामीणों ने चीतल के शिकार की सूचना वन अमले को दी थी। मुखबिर की सूचना पर वन अमले ने तफ्तीश करते हुए 30 जून को बगदेही निवासी 28 वर्षीय फूलचंद पिता मेहतरसिंह, 18 वर्षीय नरेश पिता गुवहासिंह, 34 वर्षीय राजू पिता ग्यासराम, 47 वर्षीय रेवा पिता करणसिंह और नाबालिग बालक के पास से चीतल का पका मांस, उसकी खाल और सींग बरामद किया है।

वन परिक्षेत्र पश्चिम सामान्य परिक्षेत्र की अधिकारी नेहा घोड़ेश्वर ने बताया कि आरोपियों ने कुत्तों को दौड़ाकर चीतल का शिकार कराया था। जिसकी जानकारी के बाद टीम ने दबिश देकर आरोपियों के खिलाफ चीतल के अवैध शिकार मामले में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना में लिया है।

चार आरोपियों को न्यायालय और नाबालिग लड़के को बाल न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया है, जबकि बालक को बाल सुधार गृह भेजा गया है। उप परिक्षेत्र अधिकारी श्यामलाल चिचले, परिक्षेत्र सहायक इंदिरा गर्ग, वनपाल संतोष गज्जाम, वनरक्षक विशाल आसटकर, अमरनाथ नंदा, अमरदीप गजभिए, उमेंद्र सोलंकी, विवेक बांसोड़, संजय दुरूगकर, राजेंद्रनाथ बडगुर्जर और सुरक्षा श्रमिक भोजराम पंचाले, सोहन कालबेले ने भी कार्रवाई में भूमिका निभाई।

## माह के प्रथम सप्ताह में मेगा विद्युत समस्या निवारण शिविर का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**

वारासिवनी संभाग के प्रत्येक वितरण केंद्र के अंतर्गत विद्युत संबंधित नये कनेक्शन, बंद-खराब मीटर, बिजली बिल, पी.एम. सूर्य घर योजना एव अन्य समस्या हेतु 01 जुलाई से 8 जुलाई 2024 तक सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक प्रत्येक दिन शिविर का आयोजन किया हैं। जिसमें वितरण केंद्र खैरलांजी के शिविर स्थान ग्राम पंचायत कटोरी, खैरलांजी, खैरी, घुबडग़ोंदी, नवेगांव, भौरगढ़, सालेबर्डी, वितरण केंद्र रामपायली ग्राम पंचायत रामपायली, मेहदुली, मोहगांव, मेहंदीवाड़ा, झालीवाड़ा, अंसेरा, अमई, वितरण केंद्र लालबर्रा के शिविर स्थान ग्राम पंचायत नेवरगांव, खमरिया, बकोड़ा, बल्हारपुर, बघोली, वितरण केन्द्र अमोली के ग्राम पंचायत जाम, ददिया, पाथरशाही, नेवरगांव, छिंदलई, वितरण केंद्र डोंगरमाली के ग्राम पंचायत डोंगरमाली, घोटी, आरंभा, बेनी, मेंडकी, वितरण केंद्र तिरोड़ी के ग्राम पंचायत तिरोड़ी, सीतापठोर, टेकाड़ी, कटेदरा, झंझागी, वितरण केंद्र बोनकट्टा के ग्राम पंचायत बोनकट्टा, छतेरा, मिरगपुर, आंजनबिहरी, महकेपार, गोरेघाट, वितरण केंद्र सावंगी के ग्राम पंचायत कासपुर, तुमाड़ी, भाण्डी, डोंगरगांव, वितरण केंद्र कटंगी के ग्राम पंचायत अर्जुननाला, मुंडीवाड़ा, छतेरा, सिवनी रोड़, नगरपालिका भवन, वितरण केंद्र उमरी ग्राम पंचायत खैरलांजी, सिंगोड़ी, खमरिया, वरूड़, वितरण केंद्र कोचेवाही ग्राम पंचायत कोचेवाही, बुदबुदा, सिर्रा, कटंगझरी, लखनवाड़ा, जराहमोहगांव, वितरण केंद्र वारासिवनी ग्राम पंचायत वारा, तहसील कार्यालय भवन, नगरपालिका भवन, खण्डवा, मदनपुर, सिकंद्रा, कंचनपुर सभा मंच में लगाए जायेगे। वारासिवनी (संचा/संघा) संभाग के कार्यपालन अभियंता द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि उपरोक्त दिनांक, समय व स्थान पर उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठावें।

## विधायक मधु भगत ने पेश की मानवता की मिसाल

### घायलों को अपने वाहन से पहुंचाया अस्पताल



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

जिले में रोजाना ही सड़क हादसे सामने आ रहे हैं, जिसमें अधिकांश मामलों में तेज रफ्तार सड़क हादसों की वजह बन रही है। शनिवार को भी जिले के चरेगांव के आगे नेहरा नदी के पास मोड़ पर एक बाइक के अनियंत्रित होकर पलटने से दो लोग घायल हो गए।

इसी दौरान बालाघाट में 29 जून को आयोजित सीएम के कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे विधायक मधु भगत ने घटनास्थल पर लोगों की भीड़ देखी। जब वे, यहां रुके तो देखा कि दो लोग घायल थे। जिन्हें तत्काल उपचार उपलब्ध हो सके, इसके लिए पहले उन्होंने एम्बुलेंस और पुलिस को फोन किया।

लेकिन देरी होने के कारण वह घायलों को ही अपने ही वाहन में बैठालकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां मरीजों का उपचार और उन्हें भर्ती कराने के बाद वह कार्यक्रम में शामिल होने रवाना हुए।

**घायलों को तुरंत पहुंचाना चाहिए अस्पताल**

विधायक मधु भगत ने कहा कि अक्सर नेहरा नदी के पास मोड़ पर हादसे होते रहते है। जहां सड़क हादसे में दोनों घायलों को त्वरित उपचार कराने घायलों को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि दुर्घटना मामले में घायलों को त्वरित उपचार ही उनकी जान बचा सकता है, ऐसे में कोई भी दुर्घटना में घायलों को देखकर उसे नजरअंदाज ना करे। बल्कि उसे अस्पताल पहुंचाकर तुरंत इलाज उपलब्ध कराएं। यदि वह ना चाहे तो पुलिस भी उनसे ज्यादा पूछताछ नहीं करेगी, लेकिन तुरंत मदद, व्यक्ति की जान बचा सकती है।

बताया जाता है कि मगरदर्रा केवाटोला निवासी 50 वर्षीय धनीराम पिता चुन्नीलाल मर्सकोले और 43 वर्षीय धन्नु पिता बाबुलाल रिनायत, सुबह सूर्या गए थे। जहां से वापस लौटते समय नेहरा नदी के पास मोड़ पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें दोनों घायल हो गए।

## जीजामाता की जयंती एवं छत्रपति शिवाजी महाराज जी राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए पथ संचालन निकला

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड किरनापुर खंड में शौर्य पथ संचलन का कार्यक्रम 1:00 बजे से सरस्वती शिशु मंदिर किरनई मंदिर के पास पूरे नगर का भ्रमण करते हुए पुन उसी स्थान पर पहुंचे ।जिसमें 13 मंडलों में से सभी मंडलों की संख्या 157 गणवेश धारी की रही। अधिकारियों में माननीय जिला संघ संचालक वैभव कश्यप किरनापुर खंड के पालक डॉ .सूरज कटरे,डॉक्टर परमेश्वर राहांडाले ,खंड कार्यवाह शह खंड कार्यवाह जगदीश कुठारिया, मुख्य अतिथि श्रीमान एन आर गर्दे, श्रीमान रवि श्रीवास्तव जिला धर्म जागरण संयोजक जिला बालाघाट शारीरिक प्रमुख, श्रीमान विवेक दिक्षित बालाघाट नगर व्यवस्था प्रमुख, डांस दिनदयाल पार्टी खंड शारीरिक प्रमुख,लिकेश समरिते खंड बौद्धिक प्रमुख,एस एस रहांगडाले खंड व्यवस्था प्रमुख,संतोष शर्मा, नन्हे बहेकार ,डॉक्टर टीकाराम पटले उपखंड कार्वाह किन्हीं ,हर्ष धनौले किन्हीं मंडल कार्यवाह, नीलेश्वर आगासे मंडल ककोड़ी , सुरेंद्र उइके मंडल कार्यवाह पावनी, अनुराग अग्रवाल मंडल कार्यवाह किरनापुर ,राजेश रहांगडाले शाह मंडल कार्यवाह किरनापुर,राजेंद्र बोपचेमंडल कार्यवाह हिर्री,हिमांशु बड़ई मंडल कार्यवाह सेवती, सहित खंड उपखंड मंडल शाखा के स्वयंसेवक एवं सामाजिक कार्यकर्ता स्वयंसेवक बंधु 157 की संख्या पद संचलन प्रारंभ कर शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न किया। जहां पुलिस प्रशासन किरनापुर का भी सहयोग सराहनीय रहा।



रविवार होने के कारण ट्रक ने ली नो-एंट्री में एंट्री, जांच में जुटी पुलिस

## ट्रक की टक्कर से नाबालिग की मौत!

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

रविवार को नगर के नए श्रीराम मंदिर के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार नाबालिग की जान ले ली। घटनाक्रम 30 जून की दोपहर का है, जब हनुमान चौक की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनएम 9688 के चालक ने स्कूटी चालक 17 वर्षीय नाबालिग तेजस पिता रूपेश धुव्वया को अपनी चपेट में ले लिया। इसमें तेजस की मौके पर मौत हो गई।



घटना के बाद वहां भीड़ जमा हो गई। जिसकी सूचना मिलने पर कोतवाली और यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पीएम के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया। नाबालिग की पहचान 17 वर्षीय तेजस पिता रूपेश धुव्वया के रूप में हुई है।

घटना के बाद पुलिस ने स्कूटी और ट्रक को अपनी अभिरक्षा में थाने में खड़ा करवा दिया है। बताया जाता है कि ट्रक के साइड से चल रहा अज्ञात युवक मंदिर से निकला था, उसके एकाएक गिरने से वह ट्रक के पिछले चक्के में आ गया। जिससे तेजस मौत हो गई। वहीं मौके से फरार हुए ट्रक चालक को भी पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया है।

### नो-एंट्री में ली एंट्री

शहर के भीतर बड़े वाहनों की आवाजाही ने एक नाबालिग की जान ले ली, जबकि बड़े वाहनों को शहरी क्षेत्र में प्रवेश के नो-एंट्री लगाई जाती है। यातायात पुलिस का कहना है कि चूंकि रविवार था, इसलिए नो-इंट्री नहीं होने से ट्रक शहर में प्रवेश कर गया था।

## तेली साहू समाज की हुई बैठक, ब्लॉक स्तरीय समिति का किया गठन

**कटंगी।** रविवार को नगर के सत्संग भवन में तेली साहू समाज की ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया. कटंगी और तिरोड़ी दोनों ही तहसील क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों से तेली समाज के लोग बैठक में शामिल हुए. बैठक की शुरुआत में सर्वप्रथम माँ कर्मा के छायाचित्र का पूजन किया गया. तत्पश्चात सामाजिक विषयों पर चर्चा संपन्न हुई. बैठक में समाज के वरिष्ठ जनों और युवाओं के साथ महिलाओं ने भी समाज का किस तरह से आर्थिक, शैक्षणिक उत्थान हो सकता है. इस पर अपने विचार रखें. वहीं बैठक में नई ब्लॉक स्तरीय समिति का गठन किया गया. जिसमें सर्वसम्मति से संजय बड़वाईक को अध्यक्ष मनोनित किया गया. समिति में देवेन्द्र अगासे, सुभाष मानवटकर, श्रीमती उषा साहू, श्रीमती कमलेश चकोले, मोहन अंबिलकर को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदार सौंपी गई।

## मंडल अध्यक्षों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश, पूर्व मंत्री ने कटंगी में की समीक्षा बैठक

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**

लोकसभा चुनाव में भाजपा ने प्रदेश के भीतर शानदार प्रदर्शन किया. प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों में विजयश्री हासिल करने वाली भाजपा अब समीक्षा बैठक कर रही है. रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे ने विधानसभा क्षेत्र कटंगी-खैरलांजी के तीनों ही मंडलों में समीक्षा बैठक की. पूर्व मंत्री ने सबसे पहले लोकसभा चुनाव में विजय के लिए सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया. जिसके बाद समीक्षा बैठक में उन बूथों पर चर्चा की गई जहां भाजपा को कम मत मिले या खराब प्रदर्शन रहा. समीक्षा करते हुए पूर्व मंत्री ने मंडल अध्यक्षों को निर्देशित किया वह शक्ति केन्द्रों और बूथ स्तर तक जाए. बैठक में शक्ति केन्द्र के प्रभारी, संयोजक, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष को अपेक्षित किया गया था. कटंगी पहुंचने पर पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे का भाजपाईयों ने गर्मजोशी के स्वागत किया. जिसके बाद मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे के निवास पर विधायक गौरव सिंह पारधी, नगर परिषद अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मेष कुमार देशमुख की प्रमुख उपस्थिती में समीक्षा बैठक हुई. कटंगी के बाद तिरोड़ी, कटोरी और खैरलांजी में भी समीक्षा बैठक हुई।

### बैहर में 3 इंच से अधिक लालबर्रा में 2 इंच से ज्यादा हुई बारिश, पिछले 24 घंटे में औसत 27.9 मि.मी. हुई वर्षा

**बालाघाट।** पिछले 24 घण्टे में जिले की सभी 11 तहसीलो में अच्छी बारिश रिकॉर्ड हुई है। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान 27.9 मि.मी. औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। जबकि 1 जून से अब तक जिले की कुल औसत सामान्य वर्षा 1447 मि.मी. है। 30 जून को प्रातः 8 बजे तक पिछले 24 घंटों में बालाघाट तहसील में 01 इंच से अधिक (30.2 मि.मी.), वारासिवनी में 16.2 मि.मी., बैहर में 3 इंच से अधिक (96.3 मि.मी.), लांजी में 2 मि.मी, कटंगी में 3.7 मि.मी, किरनापुर में 6.2 मि.मी, खैरलांजी में 2.2 मि.मी, लालबर्रा में 2 इंच से अधिक (52.2 मि.मी.), बिरसा में 1 इंच (25.2 मि.मी.), परसवाड़ा में 2 इंच से अधिक (72.3 मि.मी.) एवं तिरोड़ी तहसील में 0.3 मि. मी वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2024-25
AGRICULTURE
B.Sc.(Hons.) Ag. | B.Tech.
M.Sc.(Ag) (Agronomy/Horticulture)
LAW
BA LL.B. | LL.B. | LL.M.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111

SATPUDA ENGINEERING COLLEGE
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
4 Year Degree
B.Tech. & Polytechnic
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG. |
MINNING | CIVIL | MECHANICAL | ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com